# प्रेस नोट
## थाना-प्रेमनगर, जनपद झाँसी

**दिनांकः 22.08.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही,**
- **थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त थाना प्रेमनगर का "अ-प्रकार का हिस्ट्रीशीटर" है, जिसके विरुद्ध चोरी, नकबजनी, लूट, आयुध अधिनियम सहित करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ व पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 22.06.2026 को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा गढ़ियागाँव नहर की तरफ गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मौनी गार्डन पुल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से पीछा कर करीब 20 मीटर दूरी पर कच्चे रास्ते के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ एवं जामातलाशी में उसके कब्जे से 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर एवं 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रोहन कुशवाहा पुत्र लल्लू कुशवाहा, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी पार्क के पास तिवारी के मकान में, गढ़ियागाँव, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी, स्थायी निवासी 179 गुरुद्वारा, नगरा बाजार, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी के रूप में हुई।

बरामदगी के आधार पर थाना प्रेमनगर पर मु0अ0सं0 392/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**अभियुक्तगण का विवरणः-**

1. हन कुशवाहा पुत्र लल्लू कुशवाहा, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी पार्क के पास तिवारी के मकान में, गढ़ियागाँव, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी (अ-प्रकार हिस्ट्रीशीटर)

**बरामदगी का विवरणः-** 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर.

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर तुलसीराम पाण्डेय,
2. उ0नि0 श्री नरेश कुमार थाना प्रेमनगर,
3. का0 870 आशीष द्विवेदी थाना प्रेमनगर,
4. रि0का0 1036 हेमन्त सिंह थाना प्रेमनगर.

**<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-</u>**

| क्र0सं | मु0अ0सं0 | धारा | थाना |
|---|---|---|---|
| 1 | 445/2015 | 25 आयुध अधिनियम | प्रेमनगर |
| 2 | 67/2017 | 25 आयुध अधिनियम | प्रेमनगर |
| 3 | 03/2023 | 380/411 भा.द.वि. | प्रेमनगर |
| 4 | 37/2023 | 380/411/457 भा.द.वि. | प्रेमनगर |
| 5 | 96/2024 | 25 आयुध अधिनियम | प्रेमनगर |
| 6 | 173/2024 | 3(1) गैंगेस्टर एक्ट | प्रेमनगर |
| 7 | 510/2024 | 25 आयुध अधिनियम | प्रेमनगर |
| 8 | 292/2025 | 303(2)/317(2) bns | प्रेमनगर |
| 9 | 506/2015 | 379 भा.द.वि. | सीपरी बाजार |
| 10 | 331/2017 | 392/356/411 भा.द.वि. | सीपरी बाजार |
| 11 | 343/2017 | 25 आयुध अधिनियम | प्रेमनगर |
| 12 | 392/2026 | 25 आयुध अधिनियम | प्रेमनगर |